आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

दिवाली

प्रदेश में दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। दीपावली पर्व पर बाहरी राज्यों से त्यौहार मनाने लौट रहे प्रदेश के लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम आज से विशेष बस सेवाएं संचालित कर रहा है। 19 अक्तूबर तक दिल्ली, चंडीगढ़ और बद्दी से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए 257 बसें चलाई जाएंगी। इस बीच त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग, अग्निशमन व पुलिस विभाग भी पूरी तरह सतर्क है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आहवान किया कि वे पटाखे चलाते व बेचते समय प्रशासन के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीन विकास सुनिश्चित करना है। चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि जनहित से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारी लोगों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और विकास कार्यों में पारदर्शिता सहित गति सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

खाद्य सुरक्षा

जनजातीय जिला किन्नौर में खाद्य सुरक्षा विभाग में पिछले 4 वर्षों से कोई भी नियमित अधिकारी या कर्मचारी तैनात नहीं है। इससे खासकर त्यौहारों के मौसम में जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री का खतरा बढ़ गया है। जिला के लोगों की मांग है कि विभाग में स्थायी अधिकारी की नियुक्ति की जाए ताकि दिवाली जैसे त्यौहार के मौके पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। ये उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को फायदेमंद बताया है।

शिमला निवासी मंगत राम ने बताया कि जीएसटी सुधारों के बाद उन्हें अब वाहन खरीदने पर काफी फायदा होगा।

*मेरा नाम मंगत राम है। मैं शिमला का रहने वाला हूं। मैं भी काफी समय से जीएसटी खरीदने की सोच रहा हूं लेकिन जिस तरह से जीएसटी काफी ज्यादा बढ़ रहा था लेकिन अब जीएसटी कम हुआ है और इससे मेरा विचार जल्द ही गाड़ी खरीदने का बन रहा है और जीएसटी कम होने से मेरा कम से कम 80 हजार बच रहा है।*

इसके अलावा सुभाष वर्मा ने बताया कि दवाइयों में जीएसटी की छूट से मरीजों को पहले से काफी सस्ती दवाइयां मिल रही हैं।

*बहुत राहत मिली है, खासकर क्रॉनिक डीजिज, या कैंसर की बीमारियों में ना के बराबर जीएसटी हैं और इसके अलावा भी कई अन्य प्रकार की बीमारियों के लिए जो दवा इस्तेमाल होती है, उसमें भी जीएसटी घटा है। अब इलाज सस्ता हुआ है, दवाइयों के रेट घटे हैं। बहुत अच्छी पहल है सरकार की और स्वागत योग्य कदम है।*

योजना

चम्बा जिले में अब तक करीब 200 लोग केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा चुके हैं। ये योजना हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने एक जागरूकता कार्यक्रम में बताया की इस योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाने पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी और 6 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंको से ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पांगी और भरमौर जैसे दूरदराज क्षेत्रों में भी योजना से संबंधित जन–जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

खेलो इंडिया

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 24 नवंबर से राजस्थान के 7 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। 12 दिनों तक चलने वाले इन खेलों में पूरे देश के पांच हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार खेलो इंडिया पहल ने एक मज़बूत खेल व्यवस्था का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि ये खेल प्रतिस्पर्धा और सौहार्द के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मज़बूत करेंगे। इस वर्ष इन खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, सहित अन्य खेल शामिल हैं।

सेना भर्ती

भारतीय सेना द्वारा 17 से 24 नवम्बर तक शिमला जिला के रामपुर के प्रिथी मिल्ट्री स्टेशन अवेरीपट्टी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के अनुसार ये अग्निवीर भर्ती रैली शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिला के युवाओं के लिए होगी।